दैनिक जागरण 21/08/2025

# ओरिएंटेशन-डे पर छात्रों को दिए स्टार्टप के टिप्स



जीएमएन कालेज में कार्यक्रम के दौरान शामिल प्रतिभागी • विज्ञप्ति

**अंबाला • (विज्ञप्ति)** : जीएमएन कालेज में इनक्यूबेशन स्टार्टअप सेंटर की ओर से ओरिएंटेशन डे का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कॉलेज के सभी विद्यार्थियों के लिए खुला था और इसमें उत्साहजनक भागीदारी देखने को मिली।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रूप में कालेज के पूर्व छात्र और फूड एवं ईटरी व्यवसाय के सफल उद्यमी पीयूष राजपूत को आमंत्रित किया गया। उन्होंने अपने उद्यमिता के अनुभव सांझा करते हुए छात्रों को नए व्यावसायिक विचार विकसित करने व उन्हें दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर डा. गीता कौशिक के साथ-साथ स्टार्टअप सेंटर क्लब की सदस्य यशवी शर्मा, हर्षिता एवं महिमा भी उपस्थित रहीं। कालेज में स्नातकोत्तर छात्रों के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न संकाय सदस्यों ने भाग लिया और नए विद्यार्थियों ने उपस्थिति दर्ज कराई। इसके अलावा समाजशास्त्र विभाग ने जल बचाओ विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया। प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए जरूरी है।